नई पहल: एलईडी संदेशों से बदलेगी ट्रैफिक की तस्वीर, शहर की सड़कों पर स्मार्ट मैनेजमेंट से सुगम हुआ यातायात

नवज्योति जयपुर। राजधानी जयपुर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, सुगम और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में यातायात पुलिस ने एक नई पहल शुरू की है। शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों, व्यस्त मार्गों और संवेदनशील ट्रैफिक पॉइंट्स पर सोलर ऊर्जा से संचालित आधुनिक एलईडी डिस्प्ले बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इन बोर्डों के माध्यम से वाहन चालकों को रियल टाइम ट्रैफिक जानकारी, वन-वे व्यवस्था, डायवर्जन, सड़क सुरक्षा संदेश और विशेष आयोजनों से संबंधित सूचनाएं दी जा रही हैं।

नियमों की जानकारी अब ऑन रोड

जयपुर आयुक्तालय क्षेत्र में लगाई गई संदेश प्रदर्शन की वार एलईडी स्क्रीन और 15 स्टेंडी हैं। जिन्हें आसानी से वाहन से टॉक करके एक स्थान से दूसरे स्थान पर आवश्यकता पड़ने पर ले जाते हैं। यातायात पुलिस का मानना है कि कई बार वाहन चालक नियमों और मार्ग परिवर्तनों की जानकारी के अभाव में जाम या दुर्घटनाओं का कारण बन जाते हैं। ऐसे में एलईडी बोर्ड तत्काल सूचना देने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरे हैं। बोर्डों पर समय-समय पर वन-वे ट्रैफिक, धीमी गति रखें, हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएं, जाम वाले मार्ग से बचें जैसे संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। विशेष बात यह है कि अधिकांश एलईडी यूनिट सोलर पैनल से संचालित हैं, जिससे बिजली की खपत कम होगी और इन्हें आवश्यकता अनुसार कई स्थानों पर आसानी से अस्थाई रूप से लगाया जाता है।

राहगीर कैलाश चौपड़ा, घाटगेट

अस्थाई एलईडी से पुलिस का यातायात नियमों को लेकर संदेश देने का तरीका अच्छा है। बार-बार लोगों के दिमाग में यातायात नियमों के पालन की बात आएगी तो एक्सीडेंट की संख्या में कमी आए।

बड़े धार्मिक आयोजनों, तीआईपी मूवमेंट, त्योहारों और विशेष कार्यक्रमों के दौरान इन बोर्डों की उपयोगिता और बढ़ जाती है। इनके जरिए कुछ ही सेकंड में हजारों वाहन चालकों तक जरूरी सूचना पहुंच जाती है।

-योगेश गोयल, उपायुक्त यातायात पुलिस जयपुर

राहगीर रोहित अवस्थी, यादगार के सामने

इस तरह की एलईडी से वन वे और अन्य प्रकार की जानकारियां मिलती हैं तो अच्छा ही है। नहीं तो अस्थाई वन वे का पता नहीं होने के कारण कई बार चक्कर काटने पड़ जाते हैं।

राहगीर अब्दुल खान, त्रिमूर्ति सर्किल

हमें तो फिक्सचयर मॉल से लेकर कोई ऐसी एलईडी नहीं दिखी, अगर है तो अच्छा है कि उससे ट्रैफिक के बारे में जानकारी मिलती है।

फर्जी साइबर क्राइम अधिकारी बनकर वसूली करने वाला आरोपी गिरफ्तार



ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। कालवाड़ थाना पुलिस ने पुलिस अधिकारी और साइबर क्राइम अधिकारी बन लोगों से रुपए की मांग करने वाले एक आरोपी प्रवीण (32) निवासी भावठड़ी सूरजगढ़ झुंझुनूं, हाल गोविंद वाटिका मुंडोता रोड कालवाड़ को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को झूठे साइबर अपराध मामलों में फंसाने की धमकी देकर अवैध वसूली करता था।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि गत 4 जून को परिवादी राहुल योगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक व्यक्ति अपना नाम प्रवीण बताकर खुद को साइबर क्राइम ब्रांच जयपुर का अधिकारी बताकर उससे संपर्क कर रहा था। आरोपी ने साइबर क्राइम विभाग की फर्जी आईडी दिखाते हुए राहुल और उसके परिचित राकेश कुमार को कथित साइबर अपराध सूची में नाम होने का डर दिखाया।

आरोपी ने राहुल योगी से सूची से नाम हटाने के नाम पर 18 हजार रुपए तथा राकेश कुमार से 60 हजार रुपए की मांग की। जांच में खुलासा हुआ कि वह पुलिस अधिकारी, जिला कलेक्टर और साइबर क्राइम अधिकारी के नाम से फर्जी आईडी तैयार कर लोगों धमकाता था।

हरियाणो राजस्थान में लगाए जाएंगे 66 लाख पौधे जियोटैगिंग से होगी पूर्ण पारदर्शिता : कलक्टर

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने के लिए मिशन हरियाणो राजस्थान के व्यापक क्रियान्वयन के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने जिले को 66 लाख 82 हजार 538 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन हरियाणो राजस्थान की जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं राज उन्नति की शनिवार को हुई 6वीं बैठक में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पौधरोपण कार्य संबंधित विभागों से लक्ष्यानुसार गड्ढे खोदेगए हैं। पौधरोपण में पूर्ण पारदर्शिता के लिए हरियाणो राजस्थान मोबाइल एप से जियोटैगिंग की जाएगी। जिला कलक्टर ने कहा कि राजस्थान जैसे मरूप्रदेश में जल संरक्षण का कार्य महत्वपूर्ण हो जाता है। राजस्थान भूजल विभाग के कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान का के तहत भूजल स्तर को रोकने के साथ ही आमजन को जागरूक किया जा रहा है। कलक्टर ने सीएमओ, जनसुनवाई व संपर्क पोर्टल पर दर्ज जिले से संबंधित सभी प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

फायर एनओसी के बिना संचालित होटल-रेस्टोरेंट होंगे सील

20 जून तक होगी होटल, गेस्टहाउस, रेस्टोरेंट और अन्य प्रतिष्ठानों की जांच

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। दिल्ली होटल अग्निकांड की घटना के बाद स्वायत्त शासन विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को होटल, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन, मल्टीप्लेक्स, कोचिंग संस्थान तथा अन्य जोखिम वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का विशेष सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। यह अभियान तत्काल प्रभाव से शुरू होकर 20 जून तक चलेगा।

दिल्ली होटल अग्निकांड के बाद राजस्थान में विशेष अभियान

विभाग ने स्पष्ट किया है कि सर्वे के दौरान जिन प्रतिष्ठानों में गंभीर अनियमितताएं पाई जाएंगी अथवा बिना फायर एनओसी के संचालन होता मिलेगा, उनके खिलाफ राजस्थान नगर पालिका अधिनियम एवं प्रचलित नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर ऐसे भवनों को सील भी किया जा सकेगा। अभियान के दौरान भवनों का इलेक्ट्रिक ऑडिट भी किया जाएगा।

निकाय कर्मिक वह जोखिम के बिजली के पैनल रूम साफ सुथरे हैं या नहीं, वायरिंग सुरक्षित है या नहीं तथा कहीं क्षमता से अधिक विद्युत भार तो नहीं लिया जा रहा। साथ ही भवनों में उपलब्ध अग्निशमन संसाधनों का भी परीक्षण किया जाएगा।

ऊंचाई के अनुसार जांच: निरीक्षण में यह देखा जाएगा कि भवन की ऊंचाई और श्रेणी के अनुसार फायर एक्सटिंग्विशर, होज रील, ऑटोमैटिक स्प्रिंकलर सिस्टम, फायर अलार्म एवं अन्य सुरक्षा उपकरण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं या नहीं। इसके अलावा भवनों में कम से कम दो निकास मार्ग, बाधारहित आपातकालीन रास्ते तथा स्पष्ट रूप से चिह्नित संकेत मौजूद हैं या नहीं, इसकी भी जांच होगी।

धोखाधड़ी मामले में 4 साल से फरार 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

नवज्योति,जयपुर। वरिष्ठकर्मा थाना पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी और उसके साथियों ने एक ही भूखंड के कई फर्जी पट्टे तैयार कर बैंकों से ऋण लिया तथा प्लॉटों को अन्य लोगों को बेचकर लाखों रुपए की ठगी की। इस संबंध में विश्वकर्मा नगर में विभिन्न प्रकरण दर्ज हैं। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। इस संबंध में गठित टीम ने आरोपी प्रदीप सिंह शेखावत (36) निवासी सुलताना झुंझुनूं को गिरफ्तार कर लिया।

साइक्लिंग पर निकली 12वीं की छात्रा की रहस्यमयी मौत

13 मंजिला अपार्टमेंट के पोर्च पर मिला शव

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। प्रताप नगर इलाके में जयपुर में शनिवार सुबह साढ़े सात बजे 13 मंजिला अपार्टमेंट के पोर्च पर 17 वर्षीय स्कूली छात्रा का शव मिलने से सनसनी फैल गई। 12वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रा शुक्रवार शाम साइकिलिंग के लिए घर से निकली थी लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थानाप्रभारी पूरण कुमार यादव ने बताया कि मूलतः सवाई माधोपुर हाल प्रताप नगर निवासी ने रिपोर्ट दी कि उसकी 17 वर्षीय बेटी शुक्रवार शाम को घर से साइकिलिंग करने निकल गई थी।

सीसीटीवी में कैद हुई तस्वीर: थानाप्रभारी यादव ने बताया कि बच्ची साइकिल से ऑल इंडिया सर्विस (एआईएस) नाम से बनी बिल्डिंग पहुंची। बिल्डिंग में अंदर जाते हुए नावालिग के फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो उसकी पहचान रात से लापता छात्रा के रूप में हुई।

मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम: नावालिग के शव को ले जाने से पहले एफएसएल टीम से साक्ष्य जुटाए। शव को आरयूएचएस अस्पताल के मुर्दाघर शव को पहुंचाया, जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्पा सेंटर पर नियमों की अवहेलना करने वाले आठ युवक गिरफ्तार

जयपुर। बजाज नगर थाना पुलिस ने शनिवार को स्पा सेंटरों की आड़ में संचालित गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए चार स्पा सेंटरों से 8 युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त संचिन मित्तल के निर्देश पर बजाज नगर थाना इलाके में गठित टीम ने 11 स्पा सेंटरों की जांच की। पूर्व में सभी संचालकों को स्पा संचालन संबंधी गाइडलाइन से अवगत कराते हुए नियमों की पालना के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान चिली थाई स्पा, उमंग लज्जरी स्पा, ब्लू स्टार थाई स्पा और स्वागत थाई स्पा में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की।

महंगाई का विरोध, कांग्रेस का प्रदर्शन

जयपुर। महंगाई, बेरोजगारी, पेट्रोल-डीजल के बढ़ते हुए दामों के विरोध में हवामहल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पूर्व शहर अध्यक्ष आरआर तिवाड़ी के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया। इसमें सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाशचंद कानूनगो, जलमहल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जावेद सेठी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार से जनता परेशानी और अपने को ठगा सा महसूस कर रही है।

सूरतगढ़-लालगढ़ रेलखण्ड पर आरसीसी बॉक्स लॉन्चिंग कार्य, ट्रेनें होंगी प्रभावित

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से बीकानेर मंडल के सूरतगढ़-लालगढ़ रेलखण्ड पर लूनकरनसर दुलमेरा स्टेशनों के बीच आरसीसी बॉक्स की लॉन्चिंग का कार्य किया जाएगा। इस दौरान 29 जून को इस मार्ग पर संचालित करीब आधा दर्जन ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि बीकानेर मंडल के सूरतगढ़-लालगढ़ रेलखण्ड पर लूनकरनसर दुलमेरा स्टेशनों के बीच आरसीसी बॉक्स की लॉन्चिंग का कार्य किया जाएगा। इस दौरान झालावाड़ सिटी श्रीगंगानगर ट्रेन जो 28 जून को झालावाड़ सिटी से प्रस्थान करेगी वह बीकानेर तक ही संचालित होगी। इसी प्रकार हनुमानगढ़ दादर ट्रेन जो 29 जून को हनुमानगढ़ से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग हनुमानगढ़ सादुलपुर रतनगढ़ डेगाना मेड़ता रोड होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन एलनाबाद, नोहर, सादुलपुर चूरू, रतनगढ़ व डेगाना स्टेशनों पर ठहराव करेगी तथा मार्ग परिवर्तन के कारण पीलीबंगा, सूरतगढ़, लूणकरनसर, लालगढ़, बीकानेर, देशनोक, नोखा, नागौर व मारवाड़ मुंडवा स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी। लॉचिंग कार्य के चलते तीन ट्रेनों के रिशेड्यूल किया जाएगा। इस दौरान लालगढ़ अबोहर ट्रेन 29 जून को लालगढ़ से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि सूरतगढ़ जयपुर ट्रेन 29 जून को सूरतगढ़ से अपने निर्धारित समय से 45 मिनट एवं ऋषिकेश बाड़मेर ट्रेन 28 जून को ऋषिकेश से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 30 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

सार्वजनिक सूचना

नीचे दिए गए लॉकरधारकों को सूचित किया जाता है कि उनके लॉकर का किराया पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से लंबित है। बैंक की नीति एवं विनियामक निर्देशों के अनुसार, 90 दिनों की नोटिस अवधि के अंतर्गत आपसे अनुरोध किया जाता है कि अपने लॉकर को संदेय वर्ष एवं बकाया राशि का भुगतान करें।
यदि नोटिस अवधि के भीतर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है, तो बैंक स्तर पर लॉकर को तोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। लॉकर की सामग्री (यदि कोई हो) की सूची बनाई जाएगी और बकाया की भरपाई हेतु सामग्री को बेचा जा सकता है।

क्र.सं.	शाखा का नाम	लॉकर धारक का नाम	लॉकर संख्या
1	006119-JAIPUR-M.I. ROAD	SOMA MAZUMDAR	II617
2	06721D-JAIPUR-ADARSH NAGAR	ANAND VARSHA	AA9
3	06721D-JAIPUR-ADARSH NAGAR	BHARAT MANDIRATA	EE387
4	099719-JAIPUR-CHITRAKOOT	BHARAT SANGWA	BB121
5	222609-JAIPUR, RAJA PARK	KRETI PALTA	AA00223
6	222609-JAIPUR, RAJA PARK	ANCHALA JAIN	AA00357
7	222609-JAIPUR, RAJA PARK	ASHOK KUMAR MENDIRATTA (VAY 110)	AE00651
8	223400-JAIPUR,NEW TRUCK STAND	ROHAN PASREEJA & DR. ARMAN PASREEJA	AA00008
9	223400-JAIPUR,NEW TRUCK STAND	RAMESH CHAND GERA & SANTOSH KUMARI GERA	AA00091
10	223400-JAIPUR,NEW TRUCK STAND	ALOK KUMAR	AB00138
11	224600-JAIPUR, JAWAHAR NAGAR	SUCHETA DUTTA	AA00075
12	224600-JAIPUR, JAWAHAR NAGAR	SEEMA LAHIRI	AE00453
13	226300-JAIPUR, EVEREST COLONY	BACHAN SINGH MEENA	AA00025M1
14	226300-JAIPUR, EVEREST COLONY	KAMLA SHARMA, MEENAKSHI DAVE	AA00081
15	226300-JAIPUR, EVEREST COLONY	KAMLA SHARMA	AD00317
16	355300-JAIPUR, JOHRI BAZAR	VIPIN NETRIWAL S/O M.L. NETRIWAL	EE92M1
17	355300-JAIPUR, JOHRI BAZAR	MOHINI KHANDELWAL	FF00396
18	355400-JAIPUR , PANCH BATTI	RAVI MATHUR	AF00248
19	407900-ADARSH NAGAR	GEETA BHUTANI	AA00049
20	408700-JAIPUR, SODALA	BHUVNESHWAR DUTT & TRIPTA SHARMA	AD00298
21	411000-JAIPUR,MALVIYA NAGAR	MOHAN	AB00164
22	411000-JAIPUR,MALVIYA NAGAR	SHEELWANTI S PESWANI	AE00410
23	414400-JAIPUR, VAISHALI NAGAR	ANCHAL BHATT	AE00322
24	443400-JAIPUR,JAGATPURA BRANCH	SUCHETTA DHANKHAR	AC00828

संबंधित शाखा अतिरिक्त अपनी शाखा से संपर्क करें ताकि आगे की कार्यवाही में चयन जा सके।

बाबूलाल प्रमुख

DNJ-399782

विश्व साइकिल दिवस पर यूं चलेगा यातायात

जयपुर। भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से 7 जून को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में विश्व साइकिल दिवस-2026 विशेष संस्करण संडे ऑन साइकिल का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

- साईकिलोथोन के मार्ग पर सामान्य यातायात का संचालन निषेध रहेगा।
- साईकिलोथोन के मार्ग पर सामान्य यातायात को डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों से संचालित होगा।
- साईकिलोथोन के दौरान विद्याधर नगर स्टेडियम एवं आस-पास मुख्य मार्गों पर यातायात का अधिक दबाव रहेगा।
- साईकिलोथोन के मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी।

साइकिलोथोन में आने वाले वाहनों की पार्किंग: आमजन एवं प्रतिभागी के वाहनों की पार्किंग विद्याधर नगर स्टेडियम के गेट नम्बर-2 के अन्दर खाली जगह पर पार्किंग (टेनिस कोर्ट के पास रोड के दोनों तरफ)। विद्याधर नगर स्टेडियम के गेट नम्बर-2 के सामने दूसरी तरफ एक लेन में पार्किंग, दशहरा मैदान पार्किंग। आमजन से अपील है कि समानान्तर मार्गों का प्रयोग करें।

सनातन सेना ने दी आंदोलन की चेतावनी

जयपुर। सनातन सेना ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की तो प्रदेशभर में आंदोलन शुरू होगा। सनातन सेना के प्रमुख अशोक पाठक ने शनिवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में राजस्थान में कथित अवैध मजारों, मस्जिदों, लाउडस्पीकरों, अवैध बूचड़खानों और घुसपैठ के मुद्दों को लेकर राज्य की नौकरशाही और प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए। सनातन सेना ने जयपुर के नंदपुरी-कैलाशपुरी, महारानी कॉलेज परिसर, टोंक फाटक, विधानसभा क्षेत्र और भाजपा प्रदेश कार्यालय के आसपास कथित अवैध निर्माणों का मुद्दा उठाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग उठाई।

केन्द्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने कोलकाता मेट्रो में की यात्रा

सहयात्रियों से बातचीत कर उनके यात्रा अनुभव जाने

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेट्रोलियम ईंधन संरक्षण के संदेश एवं सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग का संदेश देने के लिए केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कोलकाता मेट्रो एवं ऑटो रिक्शा से यात्रा की। कोलकाता दौरे के दौरान केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जय हिंद स्टेशन से नोआपारा स्टेशन तक कोलकाता मेट्रो में यात्रा की और सहयात्रियों से बातचीत करके उनके यात्रा अनुभव को जाना और मेट्रो सेवाओं पर प्रतिक्रिया प्राप्त की। मेट्रो स्टेशन पर मंत्री ने

सफाई कर्मचारियों से भी मुलाकात की और स्वच्छता बनाए रखने के उनके प्रयासों की सराहना की। बातचीत के दौरान सफाई कर्मचारियों ने खुशी जताई कि उनकी चिंताओं और सुझावों को रेल मंत्री सीधे सुन रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम का हिस्सा न होते हुए भी रेल मंत्री ने अचानक नोआपारा से बेलघरिया एक्सप्रेस वे तक ऑटो रिक्शा से यात्रा करने का विकल्प चुना। पश्चिम बंगाल की जनता की सेवा के लिए भाजपा के सत्ता में आने के भय आउट विश्वास इन के संदेश को भी उजागर करती है। इन मुलाकातों के बाद रेल मंत्री ने पश्चिमी बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी से मुलाकात कर चल रही विकास परियोजनाओं पर चर्चा की।

कचरे के ढेर में मिला मानव भ्रूण

नवज्योति,जयपुर। जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में कचरे के ढेर से मानव भ्रूण मिलने की सूचना इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मुर्दाघर में रखवाया है। मामले की जांच के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे जेडीए के सी-ब्लॉक स्थित क्वार्टरों के पीछे कचरे के ढेर में मानव भ्रूण पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। भ्रूण ढाई माह का बताया जा रहा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

एक दिन में तीन चेन स्नैचिंग करने वाला 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश संजय सिंह गुर्जर को गिरफ्तार किया है। आरोपी संगठित गिरोह का सदस्य है और उसके खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में चेन स्नैचिंग के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 को आरोपी संजय सिंह और उसके साथी पुष्पेंद्र सिंह गुर्जर ने जयपुर में अलग-अलग स्थानों पर लगातार तीन चेन

स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दिया था। जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र में दर्ज एक मामले में शिकायतकर्ता राजेश जैन की सोने की चेन बाइक सवार बदमाशों ने झपट ली थी। मामले में पहले ही आरोपी पुष्पेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया जा चुका है। तकनीकी निगरानी और लगातार दो दिन तक पीछा करने के बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी संजय सिंह (25) भरतपुर जिले का निवासी है।

फिल्म-समीक्षा: पेद्दी-गांव के अस्तित्व की लड़ाई

स्टार कास्ट : राम चरण, जाह्नवी-कपूर, दिव्येंदु, जगपति बाबू, शिव राजकुमार
निर्देशक : बुच्ची बाबू सना

आंध्रप्रदेश के खिलाड़ी राजू उर्फ पेद्दी के जीवन से प्रेरित ये कहानी है पेद्दी (रामचरण) पहाड़ी की है। वो अपने गांव और गांव वासियों के साथ पहाड़ी इलाकों से होकर आता-जाता है, जहां कभी भी मौत अपना खेल, खेल सकती है। इस अभावग्रस्त-गुमनाम गांव का नाम तक भारत के नक्शे पर दर्ज नहीं है। और ना यहां रहने वालों का कोई पहचान-पत्र है। बस पहाड़ी नाम है, जो जोड़ियों में आधी-दहाड़ी मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का पेट पालते है। जहां कोई सुविधा नहीं है। गांव का बुजुर्ग अप्पलासूरी (जगपति बाबू) तीस साल से इस कोशिश में लगे है, लेकिन ना ट्रैन रुकी, ना नेताओं ने सुनी, सरकारी-दफ्तरों के चक्कर लगे, बस बेइज्जती मिली। अप्पलासूरी अपनी हार को देख पेद्दी को उसके बेपरवाह जीवन को जीने का मकसद दे जाते है। पेद्दी क्रिकेट, समाज और

पुलिस के हाथों अपनी और अपने गांव वालों की जिल्लत तथा हालत को बदलने,पहलवान बनने की जिद लिए गौर नायडू (शिव कुमार) के अखाड़े में पहुंचता है और उनका शागिर्द बन, खुद को साबित कर नेशनल लेवल पर कुश्ती लड़ने पहुंच जाता है। जिसे वो हराकर अपनी पुरानी हार का बदला चाहता है। ओवरऑल-फिल्म में एंटरटेनमेंट के सारे मसाले भरपूर है।

मॉडिफाइड वाहनों और फर्जी नंबर प्लेट पर पुलिस सख्त

4869 वाहनों पर कार्रवाई

नवज्योति,जयपुर। राजस्थान पुलिस ने सड़क हादसों में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया है। अभियान के तहत वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन, ब्लैक फिल्म, फर्जी या नियमों के विपरीत नंबर प्लेट लगाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की है। डीसीपी राजीव शर्मा ने बताया कि अभियान के शुरुआती तीन दिन जागरूकता और समझाइश के लिए रखे गए थे। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने के लिए प्रेरित किया। अब नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है। अभियान के पहले ही दिन प्रदेशभर में 4869 वाहनों पर कार्रवाई की।

बैंक ऑफ इंडिया
जियो भी बचाएँ

जयपुर एसआरबी: लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर, राजस्थान-302001
ई-मेल: ARB.jaipur@bankofindia.bank.in

परिशिष्ट-IVक [नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) का परन्तुक देखें]
अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋण लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बंधकृत लेनदार के पास बंधक है, का सांकेतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी **बैंक ऑफ इण्डिया, जयपुर एसआरबी (7446),** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, जो **'जहां है', 'जैसी है', 'जो कुछ भी है'**, और **'यथाकिंचित रहित'** के आधार पर निम्न वर्णित खाते में बकाही हेतु बैंक/ऋणदाता को, गंतव्य, प्रत्याभूति-दाता द्वारा ऋण भार सहित अचल सम्पत्तियां, बकाया धनराशि एवम्, ई-नीलामी की दिनांक व समय, अग्रिम धनराशि, बोली वृद्धि राशि, सम्पत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय, अग्रिम धनराशि जमा की अन्तिम दिनांक व समय का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

ई-नीलामी की दिनांक व समय: **25/05/2026;** प्रातः **11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (10 मिनिट की अतीरिक्त समयावृद्धि के साथ)**

ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक व समय: **24/06/2026** सायं 04:00 बजे तक

सम्पत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय: 22 / 06 / 2026; दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक

क्रमिक सं. सम्पत्ति का विवरण - ऋण सत्ता (ए) ऋणी- मैसर्स टॉप्स्टर्न इंडस्ट्रीज, पार्टनर एण्ड गारन्टर- श्री विजय लखोटिया पुत्र स्व. श्री प्रेम किशोर लखोटिया, श्रीमती सुषमा लखोटिया पत्नी श्री विजय लखोटिया, श्री विक्रम लखोटिया पुत्र श्री विजय लखोटिया, श्री हरीश किशोर लखोटिया पुत्र स्व. श्री जुगल किशोर लखोटिया, श्री नवीन लखोटिया पुत्र स्व. श्री श्याम किशोर लखोटिया, श्रीमती कृष्णा देवी लखोटिया पत्नी स्व. श्री प्रेम किशोर लखोटिया, श्रीमती सुधा देवी लखोटिया पत्नी स्व. श्री श्याम किशोर लखोटिया, श्री राम किशोर लखोटिया पुत्र स्व. श्री जुगल किशोर लखोटिया, श्री अजय लखोटिया पुत्र स्व. श्री प्रेम किशोर लखोटिया, श्रीमती सरयू देवी लखोटिया पत्नी स्व. श्री प्रेम किशोर लखोटिया, श्रीमती सुधा देवी लखोटिया पत्नी स्व. श्री श्याम किशोर लखोटिया, श्री राम किशोर लखोटिया पुत्र स्व. श्री जुगल किशोर लखोटिया, श्री अजय लखोटिया पुत्र स्व. श्री प्रेम किशोर लखोटिया, ऋण सत्ता (बी) ऋणी- मैसर्स आरबीटी कार्ग सैरिसर्स प्राईवेट लिमिटेड, डायरेक्टर एवं गारन्टर- श्रीमती सम्पेत देवी लखोटिया पत्नी श्री हरीश किशोर लखोटिया, श्री हरीश किशोर लखोटिया पुत्र स्व. श्री जुगल किशोर लखोटिया पुत्र स्व. श्री प्रेम किशोर लखोटिया, श्री नवीन लखोटिया पुत्र स्व. श्री श्याम किशोर लखोटिया, श्रीमती सरयू देवी लखोटिया पत्नी स्व. श्री प्रेम किशोर लखोटिया, श्रीमती सुधा देवी लखोटिया पत्नी स्व. श्री श्याम किशोर लखोटिया, श्री राम किशोर लखोटिया पुत्र स्व. श्री जुगल किशोर लखोटिया, श्री अजय लखोटिया पुत्र स्व. श्री प्रेम किशोर लखोटिया, ऋण सत्ता (सी) ऋणी- मैसर्स ऑरबीटी कार्गो सैरिसर्स प्राईवेट लिमिटेड, डायरेक्टर एवं गारन्टर- श्रीमती सम्पेत देवी लखोटिया पत्नी श्री हरीश किशोर लखोटिया, श्री हरीश किशोर लखोटिया पुत्र स्व. श्री जुगल किशोर लखोटिया पुत्र स्व. श्री प्रेम किशोर लखोटिया, श्री नवीन लखोटिया पुत्र स्व. श्री श्याम किशोर लखोटिया, श्रीमती सरयू देवी लखोटिया पत्नी स्व. श्री प्रेम किशोर लखोटिया, श्रीमती सुधा देवी लखोटिया पत्नी स्व. श्री श्याम किशोर लखोटिया, श्री राम किशोर लखोटिया पुत्र स्व. श्री जुगल किशोर लखोटिया, श्री अजय लखोटिया पुत्र स्व. श्री प्रेम किशोर लखोटिया।

**